राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

06 मई 2023: शनिवार: वर्ष– 04: अंक – 03

रे मम्मा रे
आज की कविता

पापा को मम्मी ने कुछ काम सौंपा है । पर पापा सब उल्टा पुलटा कर देते हैं । आलू लेने जाते हैं और भालू लेकर लौटते हैं, लड्डू लेने जाते हैं तो टट्टू ही उनके पीछे पड़ जाता है । अब जब वो रोटी लेने बाजार गए हैं तो क्या होगा? हम सबके लिए मजेदार कुछ होने वाला है । देखते है बाजार में और फिर घर में क्या हंगामा मचता है? चित्र पर क्लिक कर कविता का आनंद लीजिये ।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Jingle Toons

चंदा और तारे
आज की कहानी

आसमान एक खेल का मैदान बना हुआ है और उसमें चंदा और तारे लुका -छिपी का खेल खेल रहे हैं । पर इस खुले आसमान में छिपने की जगह कहाँ है? अरे हाँ बादलों की ओट लेकर कभी तारे छिप जाते हैं तो कभी चन्दा छिप जाता है । बड़ा ही मजेदार खेल है । पर आगे क्या होता है जब बदल छँट जाते हैं? देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

फातिमा और तम्बू
आज की किताब

फातिमा अपने परिवार के साथ मजे से रह रही थी और पिता के समुद्री व्यापार में मददगार थी। लेकिन एक तूफान में उनका जहाज और पिता के डूबने के बाद उसकी जिंदगी बदल गई। उसे गुलामों की तरह कभी बुनकर, कभी मस्तूल कामगार की जिंदगी बितानी पड़ी। लेकिन चीन पहुंचकर उसकी किस्मत पलट गई। क्या हुआ जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvind Gupta Toys



नाचती गुड़ियाँ
आज की गतिविधि

नाचता बंदर, कूदता मेढक, फड़फड़ाती तितली और उड़ती पतंग वाले खिलौने तो हम खूब बना चुके हैं । अब हम एक नाचती हुई गुड़िया बनाना सीखते हैं । यह गुड़िया बिना मोटर, बिना सेल और बिना बिजली के नाचती है । इसके लिए हमे चाहिए एक खाली प्लास्टिक की बॉटल, एक स्ट्रॉ पाइप और एक गुड़िया का चित्र । विधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

मातृभाषा और गणित शिक्षण
टीचर्स कॉर्नर

गणित में अमूर्त अवधारणाएँ सीखना सिखाना वैसे ही कठिनता लिए होता है, उस पर भी उसकी मानक और तकनीकी भाषा शिक्षक और बच्चों के सामने एक अलग चुनौती खड़ी करती है। ऐसे में मातृभाषा एक बड़ा सहारा बन पाती है। सुधीर श्रीवास्तव बता रहे है कि किस तरह मातृभाषा के जरिए उन्होंने गणित में वृत्त और उसके गुणधर्म से जुड़ी अवधारणा सिखाई। चित्र पर क्लिक कर जानिये।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

लापता सुन्दरी
हमारा पुस्तकालय

सुंदरी लापता हो गई है । उसे खोजने के लिए तेसम्मा कहाँ कहाँ नहीं गईं । अंत में उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट लिखाई । थानेदार और हवलदार इस बात पर बहुत हँस रहे हैं । लेकिन कॉन्स्टेबल जिंसी उसे ढूँढने का जिम्मा अपने ऊपर लेती है । सुंदरी कौन है? और वह कैसे मिलती है? यह किस्सा जानने के लिए आप नीतू सिंह की लिखी यह पुस्तक समीक्षा पढ़ें।

शिक्षकों के लिए। Parag

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 158वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।